ई-21/1/2023-भाषा

राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग

(हिंदी अनुभाग)

मानव अधिकार भवन, सी-ब्लॉक, जी.पी.ओ. कॉम्प्लेक्स,

आई.एन.ए., नई दिल्ली - 110023

दिनांक 20/06/2023

विषयः हिंदी पत्रिका "मानव अधिकार : नई दिशाएं" (अंक-20) में प्रकाशन हेतु आलेख/कहानी/कविता आमंत्रित करने के संबंध में।

राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग अपने स्थापना काल से ही देश में मानव अधिकारों के संरक्षण एवं संवर्द्धन के लिए प्रतिबद्ध है। इसी उद्देश्य से आयोग द्वारा वर्ष 2004 से एक वार्षिक हिन्दी पत्रिका, **"मानव अधिकार : नई दिशाएँ"** का प्रकाशन किया जा रहा है। इसमें मानवीय संवेदनाओं के प्रति रूचि रखने वाले बुद्धिजीवियों, लेखकों तथा अकादमिक क्षेत्र से जुड़े महानुभावों के आलेख प्रकाशित किए जाते हैं।

इस वर्ष पत्रिका का 20वां अंक प्रकाशित किया जाना है जिसका मुख्य विषय **'मानव अधिकारों के अंतरराष्ट्रीय आयाम'** निर्धारित किया गया है।

इसके साथ ही **उपविषय** के रूप में निम्नलिखित विषयों को भी शामिल किया गया है:-

(i) पानी का अधिकार एवं जल संकट (चुनौतियां एवं समाधान)
(ii) राष्ट्रीय एकता में भाषा की भूमिका
(iii) वैश्वीकरण के दौर में राष्ट्रीय भाषाओं की भूमिका
(iv) मानव अधिकारों में संतकाव्य की भूमिका
(v) जैविक हथियारों के संदर्भ में मानव अधिकार
(vi) युद्ध एवं मानव अधिकार

पत्रिका के लिए प्राप्त प्रविष्टि मौलिक होनी चाहिए तथा वह कहीं और प्रकाशित नहीं होनी चाहिए, **इस संबंध में लेखक/लेखिका द्वारा प्रविष्टि के साथ स्व-सत्यापित घोषणा-पत्र भी संलग्न करना होगा**। सभी प्रविष्टियों का मूल्यांकन करवाया जाएगा तथा मूल्यांकनकर्ताओं द्वारा चयनित उत्कृष्ट प्रविष्टियों को ही पत्रिका में शामिल किया जाएगा। चयनित प्रविष्टियों को आयोग की ओर से निर्धारित मानदेय दिया जाएगा।

आयोग में ई-मेल **(patrika-nhrc@gov.in)** द्वारा प्रविष्टियां प्राप्त करने की **अंतिम तिथि 15 जुलाई, 2023** निर्धारित की गई है।

नोट :

1. *कृपया अपनी प्रविष्टियां **केवल मंगल (यूनिकोड) फॉन्ट** में तथा* patrika-nhrc@gov.in *पर ही प्रेषित करें, किसी अन्य फॉन्ट तथा ई-मेल आई. डी. पर भेजी गई प्रविष्टियां विचारणीय नहीं होंगी।*
2. *प्रविष्टि की **अधिकतम शब्द सीमा 2500 शब्द** तक ही होनी चाहिए।*
3. *एक लेखक/लेखिका से एक ही प्रविष्टि स्वीकार की जाएगी, चाहे वह एकल या संयुक्त रूप से लिखी गई हो। एक से अधिक प्रविष्टि भेजने वाले लेखक/लेखिका की किसी भी प्रविष्टि को मूल्यांकन में शामिल नहीं किया जाएगा।*

वीरेंद्र सिंह

(वीरेंद्र सिंह)
निदेशक (प्रशासन)